
ऐतिहासिक

ऋषिराज पांडेय

## रहस्यों से भरा अमरकोट गढ़



सरायपाली से उत्तर दिशा की ओर लगभग 10 कि मी की दूरी पर भैना नरेश के सामंत परिवार का एक प्राचीन अमरकोट गढ़ है, जो अत्यंत भग्नावशेष एवं जीर्ण अवस्था में है। यह गढ़ लगभग 25 एकड़ रकबे में बना हुआ था। इसकी आकृति गोलाकार है। पूर्व में इसके चतुर्दिक चौड़ी और गहरी खाईयां थीं। पूर्व - पश्चिम में प्रवेश - निकास द्वार है। इस गढ़ में अपने किसी विश्वस्त सामंत की नियुक्ति की थी, जो युद्ध काल में प्रमुख नरेश की सैनिक सहायता करते थे। इस गढ़ के अंतिम सेनापति अमरसिंह थे। साय वंशीय गोंड राजा मोगरा साय ने अमरकोट के सामंत अमरसिंह को भीषण युद्ध में पराजित कर इस कठिन गढ़ को जीत लिया। सामंतों ने सुरंग और तल घरों का भी निर्माण कराया था। इस गढ़ में पूर्व में रानी सागर नाम से अत्यंत गहरी बावली थी, जिसकी गहराई से प्रतीत होता है कि यहां कोई सुरंग रहा होगा। बावली के ऊपरी भाग में माता समलेश्वरी देवी की सामान्य प्रस्तर खंड के रूप में स्थापना है। इस स्थापना के चारों ओर व्यापक रूप से दीमक का भिंभोरा है। वर्तमान में यह गढ़ लोगों की बसाहट के कारण घिर चुका है। इस गढ़ में अनेक जाति के लोग निवास करते थे, जिसमें कुर्मी जाति के लोगों द्वारा खुदाया गया पनरवती तालाब आज भी विद्यमान है। इस समय अघरिया जाति के मालगुजारों ने तालाब से लगा हुआ एक सुंदर शिवालय का निर्माण कराया है। उस काल में भी इस गढ़ के अधीन 42 गांव आते थे। यह ग्राम गोंड सामंतों के पश्चात कालांतर में बिंझवार, तेली, माली, अघरिया आदि जाति के स्वामित्व में रहा।

सुरता

श्रीकांत वर्मा

## अपनी लेखनी से पहचान बनाने वालों में श्रीकांत वर्मा



श्रीकांत वर्मा का जन्म 18 सितंबर 1931 को बिलासपुर में हुआ था। आपके पिता का नाम राजकिशोर वर्मा था। 1948 में आपकी पहली कविता छपी। आप इसी समय बिलासपुर से प्रकाशित साप्ताहिक तूफान से भी संबद्ध रहे। इसके साथ ही नागपुर से प्रकाशित' सारथी' और ' नया खून' तथा नागपुर टाइम्स के हिंदी स्तंभ में आपकी कविताओं को स्थान मिलने लगा। आपने आत्म अभिव्यक्ति के लिए ' नई दिशा ' नामक त्रैमासिक का प्रकाशन आरंभ किया। इसी दौरान आप 1964 से 1977 तक दिनमान साप्ताहिक से संबद्ध रहे। आप मध्य प्रदेश से राज्य सभा के सदस्य भी रहे।आपने कविता, कहानी, उपन्यास, यात्रा वृतांत, समीक्षा पर पुस्तकें लिखी।श्रीकांत वर्मा के कथा साहित्य में समकालीन भारतीय यथार्थ से टकराती व्यक्ति चेतना अपनी तीखी संवेदनशीलता से मनुष्य की ठोस तथा वास्तविक उपस्थिति को उजागर करती और अंतरंगता से पहचानी गई। आपकी कहानियों ने स्त्री पुरुष संबंधों की व्याख्या के रूप में लेखकों, पाठकों और आलोचकों का ध्यान आकृष्ट किया। आप अपने जीवन के अंतिम क्षणों में गंभीर बीमार होने के बाद इलाज के लिए अमेरिका गए। यहीं न्यूयार्क में 25 मई 1986 को स्वर्गवास हो गया।

लोक नाट्य

डा उग्रसेन कन्नौजे

## रहस की प्रस्तुति में नागलीला



छत्तीसगढ़ अंचल में लोक नाट्य रहस की प्रस्तुति में नागलीला काफी लोकप्रिय है। यह प्रदर्शन संध्या के समय होती है। इसमें दो दृश्य प्रमुख होते हैं। एक तो गजग्राह युद्ध और विष्णु अवतार के कृष्ण के द्वारा उद्धार। दूसरा कालिया मर्दन गज और ग्राह कमची या बांस और रंगीन कागज से बनाए जाते हैं। नाव या कहाड़ में दो ओर से नाविकों द्वारा इनका युद्ध कराया जाता है। अंत में विष्णु तीसरी नाव में जो कि गरुड़ के आकार का होता है आते हैं और ग्राह को मार कर गज का उद्धार करते हैं। इसका दूसरा रूप अत्यंत रोमांचकारी होता है। कहीं कहीं कलाकार खंभे से कोई तार किसी पेड़ की मजबूत डाल से बांध देते हैं और गरुड़ के रूप में वह डोली में कोई बालक कृष्ण के रूप में चक्र और गदा लिए सुशोभित रहता है। गज उद्धार के लिए गरुड़ के आकार की डोली रस्सी के सहारे हवा में चलने लगती है। चारों ओर तालियों की गड़गड़ाहट और जय जयकार होने लगती है। यह प्रदर्शन खतरे से खाली नहीं है। कभी कभी तार में आग भी पकड़ लेती है।नागलीला का दूसरा भाग कालिया मर्दन है। कृष्ण गेंद फेंकते हैं। किनारे लगी हुई नाव जिसमें नाग की विशाल मूर्ति विराजमान रही है। धुआं और आग उगलती हुई कृष्ण की ओर बढ़ती है। कृष्ण झपटकर कालिया वाली नाव में चढ़ जाते हैं और उसका मर्दन करते हैं।

माघ का अभिप्राय -आनंद और प्रसन्नता से है। जीवन को आनंद और प्रसन्नता से ओतप्रोत कर देने वाला महीना माघ ही है। एक ओर लौकिक जगत में मंगनी - जंचनी का काम माघ में शुरू होता है तो दूसरी ओर आध्यात्मिक जगत में भक्ति भाव, पवित्र स्नान और तीर्थाटन का भी शुभ आगाज़ होता है। तभी तो लोक जीवन में भक्ति की पवित्र अनुगूंज भावों की मधुरिमा घोल देती है तो लोक मानस गा उठता है।





परब विशेष : डा राघवेन्द्र कुमार राज

# अंचल में माघ महीना का महत्व



'ये दे जिनगी के नइए ठिकाना।
लहर गंगा ले लेतेंव जोड़ी,
लहर गंगा ले लेतेंव ना।
पुन्नी के मेला म जातेंव दुकेला।
कर लेतेंव गंगा असनान।
ले लेतेंव केरा चड़हा लेतेंव भेला।
मना लेतेंव भोला भगवान।
काया माया के नइए ठिकाना।
लहर गंगा ले लेतेंव ना।'

छत्तीसगढ़ अंचल में उदयातिथि का अत्यधिक महत्व बताया गया है। माघ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को यह पर्व मनाया जाता है। इसलिए इसे 'माघ पूर्णिमा' के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार 'माघ पूर्णिमा' के दिन पवित्र नदी में स्नान, आराधना और उपासना करने से समग्र पापों से मुक्ति की प्राप्ति हो जाती है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने 'रामचरित मानस' में लिखा है-

सन्मुख होई जीव मोहि जबहि।
जन्म कोटि अघ नासहि तबहि।

पवित्र गंगा स्नान से आरोग्यमय जीवन और पितृ दोषों के अवसान के साथ ही सुख -सौभाग्य की प्राप्ति होती है। लौकिक जीवन में माघ मास सुख -सौन्दर्य साम्राज्य सम्राट ऋतुराज बसंत के साथ दस्तक देता है-

'आयो रे! मदमस्त माघ महीना।
झूम उठी ज़िन्दगी शोख हसीना।

पौराणिक कथाओं के अनुसार कांतिका नगर निवासी धनेश्वर नामक निर्धन ब्राह्मण दंपति जो भिक्षावृत्ति से जीविकोपार्जन करते थे। लोग ब्राह्मणी रूपवती को बांझ कहकर भिक्षा देने से इन्कार करते थे। ब्राह्मणी रूपवती पतिव्रता और सर्वगुण संपन्न थी। ब्राह्मण दंपति चिंताकुल रहते थे। महात्मा जी के द्वारा दान स्वीकार नहीं किए गए क्योंकि वे संतानहीन थे। ब्राह्मण दंपति द्वारा संतान प्राप्ति के उपाय पूछे गए। महात्मा जी ने 16 दिन श्रद्धापूर्वक मां काली की पूजन -अर्चन करने की बात कही किंतु यह भी कहा कि -इससे प्राप्त संतान की मृत्यु 16 साल की अल्पायु में होगी। 32 पूर्णिमा का व्रत रखकर पूजन -अर्चन करने से दीर्घायु संतान की प्राप्ति होगी। भगवान भोलेनाथ और गणेश जी की महती कृपा और आम्र फल के सेवन से ब्राह्मणी रूपवती को संतान की प्राप्ति हुई। माता-पिता के पूर्णिमा व्रत के प्रभाव से देवीदास को अकाल मृत्यु (सर्प डंस) से मुक्ति मिली। अर्थात माता पार्वती और शिवजी की कृपा से देवीदास को पुनर्जीवन मिला। तब से 'माघी पूर्णिमा' व्रत आज पर्यन्त तक चल रही है।

अन्य कथा के अनुसार- नर्मदा नदी के तट पर शुभव्रत नामक विद्वान ब्राह्मण निवास करते थे।जो लोभी प्रवृत्ति के थे। उन्हें जीवन में सद्कर्म न करने की भूल ज्ञात हुई और उन्होंने माघ स्नान महिमा श्लोकोच्चारण के साथ 9 दिन तक सतत स्नान किया।फलतःमोक्ष की प्राप्ति हुई। 'ब्रह्मवैवर्त पुराण' में वर्णित है कि -माघ मास में भगवान विष्णु जी गंगा -जल में निवास करते हैं। इसीलिए पूर्णिमा तिथि में माघ स्नान की अपनी अनूठी महिमा है जो सुख, शांति, समृद्धि और मोक्षदायिनी है।

संस्कृति : डा. पंचराम सोनी

## व्यावहारिक जीवन में माड़ा और मड़ई



छत्तीसगढ़ अंचल में माड़ा या माड़ शब्द की प्रयुक्ति प्रायः पशु पक्षी के लिए की जाती है, जहां वो बसते हैं। बसेरा के अर्थ में जहां पक्षी निवास करते हैं , इंगित होता है। लोक अर्थ में माड़ा शब्द की प्रयुक्ति प्रायः जंगली पशुओं के जहां बाघ, भालू, शेर, चीते रहते हैं उनके लिए प्रयुक्त होता है। लोक अर्थ में माड़ या माड़ा शब्द से मूलतः गुफा या कंदरा इंगित होते हैं। अतः माड़ा अथवा मडिया से मड़वा शब्द की उत्पति के परिपेक्ष्य में विसंगतियां उत्पन्न होती हैं। इन दोनों शब्दों तथा इनके इंगित स्थल से मड़ई शब्द की किसी भी स्तर पर तारतम्य नहीं मिलते। इसलिए मड़वा से मड़ई शब्द की उत्पति समुचित लगता है। मड़वा अर्थात मंडप जहां पर विवाह सम्पन्न होता है। लोक मत में विवाह को मनुष्य के सुखमय जीवन की शुरुआती प्रसंग के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस रूप में मड़ई आदिवासियों के लिए सुखमय जीवन का प्रतीक या जीवन का उल्लास स्थल होती है।आदिवासी अंचल में सूर्योदय के साथ देवी देवता निर्धारित मड़ई स्थल पर लाए जाते हैं। देव स्थापना के बाद आदिवासी पूजा प्रतिष्ठा में जुट जाते हैं। पूजा अर्चना के बाद पारंपरिक शैली में नाच गाना करते हैं, जो पूजा अर्चना का ही अंग समझा जाता है। इस अवसर पर बड़बूंदी, आमाबूंदी, भंगाराम, गड़िया देव, आगा देव, बूढ़ा देव की विशेष पूजा की जाती है।

गांव की कहानी

आचार्य मोतीरावण कंगाली

## धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्धः सेमूरगांव

छत्तीसगढ़ में अंतागढ़ से आमाबेड़ा के वनाच्छादित पर्वत शिखर पर एक छोटा सा सेमूर गांव है। गांव के पास ही छोटी नदी बहती है जिसे पेन झोड़ी कहा जाता है। इसी पेन झोड़ी के किनारे एक टीले पर लिंगो का पुण्य स्थान है। छप्पर के नीचे लिंगो का आंगा दंडायमान है, जिस पर मयूर पंख लगे हैं। इसी आंगा पर लिंगो का जीवा सवार है जो एक लौहखंड के रूप में है। लिंगो की वर्तुलाकार ग्रीवा में उसका पुत्र नेतूरगुंडी घंटी के रूप में विराजमान है। दाई ओर लिंगो का सिंहासन एक अर्द्ध गोला कृति कपालनुमा प्रस्तर खंड है उसके ऊपर पालो (वस्त्र) चढ़ा है। यहां लिंगो के दो अस्त्र, अश्व और वर्तुलाकार दण्ड है, वहीं पर ध्यानावस्था में पुजारी आरूढ़ होता है। हर तीन वर्ष के अंतराल में सेमूरगांव में लिंगो का मेला लगता है। इस अवसर पर पूरे गोंडवाना के बारह सगा शाखाओं में विभाजित कोयावंशीय गोंड समुदाय अपने देव गणों के साथ पहुंचते हैं। प्राचीन काल में संपूर्ण गोंडवाना में लिंगो संस्कृति प्रचलित थी।



लोक साहित्य

डा. सत्यभामा आदिल

# छत्तीसगढ़ी भाषा में संस्कृति की गाथा

महाकांतार, दंडकारण्य, कोसल, चेदिशगढ़, धान का कटोरा, प्रभृति संज्ञाओं से अभिहित छत्तीसगढ़ प्रकृति की सुरम्य गोद में अवस्थित है। यहां की पुण्यभूमि यदि एक ओर चित्रोतपला, शिवनाथ, इंद्रावती, महानदी, हसदो, जैसी पुण्य सलीला से प्रक्षालित है, तो दूसरी ओर अमरकंटक, मैकल, रामगिरी जैसी गिरिश्रृंखलाओं से सुसज्जित। यहां के खंडहर बीते वैभव की कहानी कहते हैं और संस्कृति उज्ज्वल अतीत की गाथा।

कहा जाता है कि वनवास काल के दौरान राम इसी मार्ग से होकर गए थे और शिवरीनारायण नामक स्थान में शबरी का आतिथ्य ग्रहण किया था। यह भी विश्वास किया जाता है कि खरदूषण खरौद ग्राम के आसपास ही निवास करते थे। किंवदंती है कि महर्षि वाल्मीकि का आश्रम भी यहीं था और यही उन्होंने विश्व के प्रथम श्लोक का उदघोष किया था। रतनपुर, रायपुर, सिरपुर, राजिम, खरौद, शिवरीनारायण, जांजगीर, कवर्धा, सारंगढ़, सत्ती, सरगुजा और दुर्ग आदि अनेक स्थान और उनकी निकटवर्ती भूमि छत्तीसगढ़ के उत्थान पतन की कहानी कहती है तथा ऐतिहासिक शोध की अपेक्षा रखती है। निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल, के मंत्र को गुरु मान कर अपनी संवेदना को छत्तीसगढ़ी शब्द प्रदान करते रहे। उनकी अनुभूति और अभिव्यक्ति में पूरी पूरी ईमानदारी है, इसी सच्चाई की ओर हमारा ध्यान जाना चाहिए। गोपाल प्रसाद मिश्र ने 1746 में छत्तीसगढ़ी का प्रयोग अपनी कृति खूब तमाशा में किया है। इसके पश्चात रतनपुर निवासी रेवाराम ने अपनी रचना विक्रम विलास में 1896 में किया। आमतौर पर हिन्दी की विभाषाओं मुख्यतः अवधी, बघेली और ब्रज भाषा का प्रभाव छत्तीसगढ़ी पर स्वीकार किया जाता है। सामान्यतः आजकल रायपुर जिले के छत्तीसगढ़ी को आदर्श छत्तीसगढ़ी की संज्ञा दी जाती है।



